B.A.B.Ed. (Semester – V) Examination, October/November 2018
HINDI (Paper – VI)
Aadhunik Hindi Kavya

Duration : 2 Hours Total Marks : 70

1. निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए : (3×5=15)
   i) स्वामी दयानंद सरस्वती किस संस्था के संस्थापक थे ? संस्था के योगदान को रेखांकित कीजिए ।
   ii) भारतेंदु काल में देशभक्ति एवम् राजभक्ति किस प्रकार दिखाई देती है ?
   iii) मैथिलीशरण गुप्त का और उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए ।
   iv) रोटी कविता में कवि की संवेदनशीलता को स्पष्ट कीजिए ।
   v) कवि सन् 47 को याद क्यों कर रहे है ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के लघु उत्तर लिखिए । (3×5=15)
   i) छायावाद की किन्हीं तीन परिभाषाओं का उल्लेख कीजिए ।
   ii) प्रगतिवादी कविता में परिवर्तन की पुकार और क्रांति की भावना किस तरह दिखाई देती है ?
   iii) कवि निराला का संक्षिप्त परिचय दीजिए और उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए ।
   iv) 'उस आदमी को देखो' कविता में कवि ने मनुष्य की सक्रियता को किस प्रकार से दर्शाया है ?
   v) 'बुनाई का गीत' कविता में कवि किस प्रकार के परिवर्तन की चाह रखते हैं ?

3. अ) निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 5

   i) उसके बाद सदियाँ आ जायेंगी
   और मैंने देखा है कि सदियाँ जब भी आती हैं
   तो माँ थोड़ा और झुक जाती है
   अपनी परछाईं की तरफ
   ऊन के बारे में उसके विचार
   बहुत सख्त हैं
   मृत्यु के बारे में बेहद कोमल
   पक्षियों के बारे में
   वह कभी कुछ नहीं कहती
   हालाँकि नींद में
   वह खुद एक पक्षी की तरह लगती है

अथवा

ii) मैं पूरी ताकत के साथ
शब्दों को फेंकना चाहता हूँ आदमी की तरफ
यह जानते हुये कि आदमी का कुछ नहीं होगा
मैं भरी सड़क पर सुनना चाहता हूँ वह धमाका
जो शब्द और आदमी की टक्कर से पैदा होता है

आ) i) केदारनाथ के सिंह के काव्य 'प्रकृति एवम् सामाजिक प्रतीकात्मकता लिए हुए हैं' इस कथन को स्पष्ट कीजिए । 5

अथवा

ii) 'एक ठेठ देहाती कार्यकर्ता के प्रति' अथवा 'टूटा हुआ ट्रक' कविता के भावार्थ को स्पष्ट कीजिए । 5

4. अ) आधुनिक काल की राजनीतिक परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए। 10

अथवा

आ) टिप्पणियाँ लिखिए : (5+5=10)

i) थियोसोफिकल सोसायटी ।

ii) आधुनिक हिन्दी काव्य की साहित्यिक पूर्वपीठिका ।

5. अ) द्विवेदी युगीन काव्य प्रवृत्तियों को रेखांकित कीजिए । 10

अथवा

आ) टिप्पणियाँ लिखिए : (5+5=10)

i) भारतेंदु युग में प्राचीनता और नवीनता का समन्वय ।

ii) छायावाद कविता में नारी चित्रण ।

6. अ) नई कविता की प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए । 10

अथवा

आ) टिप्पणियाँ लिखिए : (5+5=10)

i) प्रयोगवाद कविता में अति बौद्धिकता ।

ii) समकालीन कविता ।